# उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130
**Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130**
Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in


पत्रांकः5238/यूपीयूएमएस/संकायाध्यक्ष चि.सं.(19)/2024–25 दिनांकः29 मार्च, 2025

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या 4766/यूपीयूएमएस/संकायाध्यक्ष चि.सं.(19)/2024–25 दिनांक 25.01.2025 द्वारा पी0जी0 (एम0डी0/एम0एस0) बैच–2022 के रेजिडेन्ट्स को थिसिस जमा करने हेतु 31.03.2025 अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी थी। निर्धारित अन्तिम तिथि तक रेजिडेन्ट्स की थिसिस प्राप्त न होने तथा उक्त के विषय में आर0डी0ए0 द्वारा बतायी गयी परिस्थितियों एवं कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए पी0जी0 रजिडेन्ट्स के हित में थिसिस जमा करने की **तिथि को 30.04.2025 तक विस्तारित किया जाता है।**

उक्त के पश्चात कोई भी विस्तार नहीं दिया जायेगा। समय से थिसिस प्राप्त न होने के कारण थिसिस के मूल्यांकन में विलम्ब होगा। एन0एम0सी0 के नियमानुसार थिसिस की acceptance के बिना कोई भी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय स्तरीय पी0जी0 परीक्षा हेतु पात्र नहीं होगा। थिसिस जमा करने की प्रक्रिया निम्नवत होगी–

1. विभागाध्यक्ष द्वारा समस्त पी0जी0 रेजिडेन्ट्स की थिसिस पी0डी0एफ0 फाईल में कार्यालय के ईमेल के माध्यम से ईमेल आई0डी **upumsmedpgthesis@gmail.com** पर प्रेषित की जायेगी।
2. पी0जी0 रेजिडेन्ट्स थिसिस की 01 प्रति (हार्ड कापी) अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय

**प्रतिलिपि–**

1. परीक्षा नियंत्रक।
2. समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित है कि पी0जी0 रेजिडेन्ट्स की थिसिस को निर्धारित समयावधि में जमा कराने हेतु त्वरित यथोचित कार्यवाही करने एवं सभी संकाय सदस्यों/गाईड/को–गाईड एवं पी0जी0 रेजिडेन्ट्स को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त सम्बन्धित संकाय सदस्य/गाईड/को–गाईड को विभागाध्यक्षों के माध्यम से त्वरित यथोचित कार्यवाही हेतु।
4. रिसर्च सेल।
5. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. समस्त सम्बन्धित पी0जी0 रेजिडेन्ट्स को उनके विभागाध्यक्ष/गाईड/को–गाईड के माध्यम से अनुपालनार्थ।
7. प्रमुख निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय